भारतीय भाषा संस्थान, मैसूरु

नं. F.2-6/2023-24/NERLC/RP(T)/Recruitment 05-02-2024

अधिसूचना

भारतीय भाषा संस्थान, मैसूरु अपने पूर्वोत्तर क्षेत्रीय भाषा केंद्र, गुवाहाटी पर पूर्णतः अस्थाई तौर पर बर’ भाषा के शिक्षण हेतु रिसोर्स पर्सन (शैक्षणिक) की नियुक्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है, जिसका विवरण निम्नवत हैः

केंद्र का नाम	*भाषा का नाम*	*पदों की संख्या*	*स्थान*
पूर्वोत्तर क्षेत्रीय भाषा केंद्र	बर’	1	गुवाहाटी, आसाम

आवश्यक अर्हताः

रिसोर्स पर्सन की नियुक्ति हेतु न्यूनतम योग्यता/मानदंड निम्नलिखित हैः

1. 55% अंकों के साथ संबंधित भाषा/साहित्य में स्नातकोत्तर या भाषाविज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि; उच्चतर माध्यमिक या उससे ऊपर की कक्षाओं में संबंधित भाषा के अध्ययन का प्रमाण-पत्र, संबंधित भाषा/साहित्य या भाषाविज्ञान में यू.जी.सी. नेट परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण-पत्र या एसके समकक्ष राज्यों द्वारा महाबिद्यालयों/बिश्वविद्यालयों हेतु आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण-पत्र या डॉक्टरेट की उपाधि।

वांछनीयः

1. कम से कम दो भारतीय भाषाओं में संप्रेषणात्मक ज्ञान एवं कौशल (LSRW) की जानकारी।
2. भाषाविज्ञान की स्पष्ट शैक्षणिक/आनुभविक पृष्ठभूमि।
3. ऑनलाइन शिक्षण में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों/तकनीकों/विधियों/प्लेटफार्मों के उपयोग की जानकारी।
4. भारतीय भाषाओं के ऑनलाइन एवं ओपन एक्सेस संसाधनों के प्रदर्शन का अनुभव।

पारिश्रमिकः

1. रिसोर्स पर्सन को प्रति कार्य दिवस ₹1,500/- मानदेय का भुगतान किया जाएगा जो अधिकतम ₹39,000/- प्रति माह होगा। यह मानदेय मासिक आधार पर दिया जाएगा।
2. सामान्यतः रिसोर्स पर्सन सप्ताह में पाँच दिन कार्य करते हैं। हालाँकि, सक्षम अधिकारी आवश्यकतानुरूप कार्य दिवसों की संख्या कम या अधिक कर सकते हैं, इसलिए वास्तविक कार्य दिवसों की संख्या प्रत्येक माह कम या अधिक हो सकती है।

अनुबंध की अवधिः

1. सामान्यतः रिसोर्स पर्सन को 10 माह के लिए नियुक्त किया जाता है। हालाँकि, केंद्र/कार्यक्रम की आवश्यकतानुसार सक्षम अधिकारियों द्वारा इस अवधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

नियम एवं शर्तेः

1. नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी। नियोजित व्यक्ति का किसी भी स्थायी नियुक्ति के लिए कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।
2. उपरोक्त वर्णित पदों की संख्या केवल सांकेतिक है। सक्षम अधिकारियों द्वारा पदों की संख्या को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।
3. रिसोर्स पर्सन को केंद्र/संस्थान में पूर्णकालित आधार पर नियुक्ति किया जाएगा अतः नियुक्त रिसोर्स पर्सन को शिक्षण/वृत्तिक/परियोजना या किसी अन्य कार्य को अन्यत्र से लेने की अनुमति नहीं है।
4. सक्षम अधिकारी आवश्यकतानुसार रिसोर्स पर्सन को किसी अन्य केंद्र/संस्थान में स्थानांतरित कर सकते हैं।
5. यदि अभ्यर्थि किसी अन्य प्रकार से अर्ह पाया जाता है तो सक्षम अधिकारी द्वारा उसे योग्यता/मानदंड में छूट दी जा सकती है।

आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 12 फ़रवरी 2024 है।

आवेदन पत्र के लिंकः https://apply.ciil.org

सहायक निदेशक (प्राशा.)
भारतीय भाषा संस्थान
मैसूरु